# राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम

## यूनिट - ई

डी. ए. वी. पी. जी. कॉलेज

सम्बद्ध

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

द्वारा

# सप्तदिवसीय विशेष शिविर

# सत्र : 2025-26

**डॉ. ऋचा गुप्ता**
कार्यक्रम अधिकारी
यूनिट-ई
डी. ए. वी. पी. जी. कॉलेज
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

**डॉ. स्वप्ना मीना**
कार्यक्रम समन्वयक
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी

**प्रो. मिश्री लाल**
प्राचार्य
डी. ए. वी. पी. जी. कॉलेज
सम्बद्ध
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी

धियो यो नः प्रचोदयात्

# राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम

## यूनिट - ई

## डी. ए. वी. पी. जी. कॉलेज
## सम्बद्ध
## काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

द्वारा

# सप्तदिवसीय विशेष शिविर

# सत्र: 2025-26

## (13 मार्च - 19 मार्च)






# डी .ए.वी .पी .जी. कॉलेज

(काशी हिंदू विश्वविद्यालय)




**NSS UNIT E**

**एन.एस.एस. इकाई – E**

**कार्यक्रम अधिकारी: डॉ. ऋचा गुप्ता**

**दिनांक: 13 मार्च 2026**

**स्थान: प्राथमिक विद्यालय, सोनिया, वाराणसी**







राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई E के सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और सक्रिय सहभागिता का परिचय दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल सभी स्वयंसेवकों के एकत्र होने के साथ हुई। प्रारंभ में स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. की पारंपरिक तालियों का अभ्यास कराया गया। इन विभिन्न प्रकार की तालियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में उत्साह, अनुशासन और एकता की भावना को विकसित किया जाता है। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ एन.एस.एस. लक्ष्य गीत गाया, जिससे पूरे वातावरण में प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋचा गुप्ता (वाणिज्य विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी) ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और समाज में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक NSS स्वयंसेवक के रूप में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना कितना महत्वपूर्ण है

इसके बाद स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया और प्रत्येक समूह को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गई तथा उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के मुख्य सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. कल्पना सिंह (मनोविज्ञान विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी) ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में उन्होंने आत्म-अनुशासन **(Self Discipline),** आत्म-जागरूकता **(Self Awareness)** और आत्म-प्रेरणा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि यदि व्यक्ति अपने जीवन का लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित कर ले और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्म-प्रेरणा बनाए रखे, तो वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आत्म-जागरूकता व्यक्ति को अपनी क्षमताओं और कमजोरियों को समझने में सहायता करती है, जबकि आत्म-प्रेरणा कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है।



















इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा आंगनवाड़ी के बच्चों के साथ एक संवादात्मक एवं मनोरंजक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में बच्चों के साथ विभिन्न शिक्षाप्रद गतिविधियाँ, खेल और संवाद किए गए। स्वयंसेवकों ने बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और शिक्षा के महत्व के बारे में सरल और रोचक तरीके से समझाया, जिससे बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और उत्साह बढ़ा।

दिन के अंत में आगामी दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा स्वयंसेवकों के बीच कार्यों का विभाजन किया गया, ताकि आगे के सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकें। अंततः कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋचा गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी स्वयंसेवकों ने पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

# डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज

## (काशी हिंदू विश्वविद्यालय)




**NSS UNIT E**
**एन.एस.एस. इकाई E**
**कार्यक्रम अधिकारी : डॉ. ऋचा गुप्ता**
**दिनांक : 14 मार्च 2026**
**स्थान: प्राथमिक विद्यालय, सोनिया, वाराणसी**

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई – E के सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सभी स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. गीत के सामूहिक गायन से की गई। इसके पश्चात एन.एस.एस. क्लैप के माध्यम से स्वयंसेवकों में उत्साह और एकता का संचार किया गया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने हल्के व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियाँ कीं, जिससे दिनभर के कार्यों के लिए सकारात्मक वातावरण बना।

इसके बाद स्वयंसेवक प्राथमिक विद्यालय, सोनिया, वाराणसी के विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए उनके बीच पहुँचे। स्वयंसेवकों ने बच्चों को विभिन्न विषयों से संबंधित सरल और रोचक तरीके से पढ़ाया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। विद्यार्थियों के साथ पढ़ाई के साथ-साथ कई रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल, सामान्य ज्ञान प्रश्न-उत्तर और छोटी-छोटी प्रतियोगिताएँ कराई गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और रचनात्मकता को बढ़ावा मिला। स्वयंसेवकों ने बच्चों को गीत, कविता, चित्रकला और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इन गतिविधियों से बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।















दोपहर के सत्र में शिविर समन्वयक डॉ. ऋचा गुप्ता (वाणिज्य विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी) के मार्गदर्शन में निवेश , बचत और आयकर विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में श्री बिंध्यय नारायण सिंह (प्रेसिडेंट, BNI; संस्थापक – कवच; वर्ष 2002 से LIC से जुड़े हुए हैं तथा बीमा क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया है) तथा श्री आरिफ अहमद (सेक्रेटरी, BNI; आयकर एवं GST के शिक्षक) कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि बिंध्यय नारायण सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्वयंसेवकों को निवेश और बचत के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अपनी आय का एक भाग नियमित रूप से बचत और सही निवेश में लगाता है, तो वह भविष्य में आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने बीमा, दीर्घकालिक निवेश और वित्तीय योजना के महत्व पर भी प्रकाश डाला।
















इसके साथ ही आरिफ अहमद ने आयकर और जी.एस.टी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कर प्रणाली देश के विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है और नागरिकों को अपने वित्तीय दायित्वों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। यह सत्र सभी स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

दिन के अंतिम चरण में सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर समूह गतिविधियाँ और खेल आयोजित किए, जिनसे टीम भावना और आपसी सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत किया गया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया, जिसके साथ ही द्वितीय दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।











इस प्रकार एन.एस.एस. शिविर के दूसरे दिन ने स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को शिक्षा, मनोरंजन और वित्तीय जागरूकता का एक महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान किया तथा समाज सेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

# डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज
## (काशी हिंदू विश्वविद्यालय)

**NSS UNIT E**
**एन.एस.एस. इकाई E**
**कार्यक्रम अधिकारी : डॉ.ऋचा गुप्ता**
**दिनांक: 15 मार्च 2026**
**स्थान: गांधीनगर पार्क, सिगरा, वाराणसी**










राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई – E के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना के साथ सम्पन्न हुआ। इस दिन की शुरुआत सभी स्वयंसेवकों द्वारा NSS लक्ष्य गीत, “सारे जहाँ से अच्छा” गीत, NSS क्लैप तथा हल्के व्यायाम के साथ की गई। इन गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में ऊर्जा, उत्साह और सामूहिकता की भावना का संचार हुआ।

इसके पश्चात स्वयंसेवकों के बीच ग्रुप गेम गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन खेलों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना को विकसित करने का प्रयास किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने अत्यंत उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया।



इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा गांधी नगर उद्यान से शहीद उद्यान, नगर निगम तक एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना तथा राष्ट्रीय एकता, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति लोगों को प्रेरित करना था। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रेरणादायक नारों का उद्घोष किया तथा भारत माता की जय के जयकारों से वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। इन नारों और जयघोषों ने स्वयंसेवकों के मन में देशभक्ति और सेवा भावना के उत्साह को और अधिक प्रबल किया।


















रैली के पश्चात स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया और उन्हें छोटे व्यापारियों तथा खुदरा दुकानदारों के सर्वेक्षण का कार्य सौंपा गया। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों की आर्थिक स्थिति, व्यापारिक चुनौतियों और उनकी आवश्यकताओं को समझना था। स्वयंसेवकों ने दुकानों पर जाकर प्रश्नावली के माध्यम से जानकारी एकत्रित की और समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने का प्रयास किया।















इस प्रकार **NSS** शिविर का तृतीय दिवस सामाजिक जागरूकता, सर्वेक्षण कार्य और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह दिन स्वयंसेवकों के लिए अनुभव, सीख और समाज सेवा की भावना को सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।
















# डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज

## (काशी हिंदू विश्वविद्यालय)

**NSS UNIT E**
**एन.एस.एस. इकाई E**
**कार्क्रम अधिकारी : डॉ. ऋचा गुप्ता**
**दिनांक: 16 मार्च 2026**
**स्थान: श्री रामकृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज,सिगरा, वाराणसी**




राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन श्री रामकृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिद्धगिरी बाग, सिगरा, वाराणसी में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सभी स्वयंसेवकों द्वारा NSS गीत, वंदे मातरम् तथा "हम होंगे कामयाब" गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिससे वातावरण में देशभक्ति और प्रेरणा का संचार हुआ।

इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने हल्का व्यायाम किया, जिससे शरीर में स्फूर्ति और ऊर्जा बनी रहे। इसके बाद योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसका संचालन तुलसी तिवारी एवं गरिमा (संस्थापक – योग साधना अकादमी) द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम कराए तथा नियमित योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन संतुलित रहता है।







राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.312577° Long 82.993555°
Monday, 16/03/2026 11:14 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.312603° Long 82.993528°
Monday, 16/03/2026 11:16 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.312557° Long 82.993528°
Monday, 16/03/2026 12:14 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.312462° Long 82.993528°
Monday, 16/03/2026 11:18 AM GMT +05:30
Google


राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.312577° Long 82.993555°
Monday, 16/03/2026 11:14 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.312593° Long 82.993555°
Monday, 16/03/2026 12:14 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.312603° Long 82.993528°
Monday, 16/03/2026 11:16 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.312593° Long 82.993523°
Monday, 16/03/2026 11:21 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
D-62/248, Kasturba Nagar, Sigra, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.31254° Long 82.993672°
Monday, 16/03/2026 11:29 AM GMT +05:30
Google

योग सत्र के बाद स्वयंसेवकों को टीकाकरण जागरूकता के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को टीकाकरण के महत्व, उसके लाभ और उससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के बारे में जागरूक किया गया, ताकि समाज में अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बन सकें।





















इसके पश्चात स्वयंसेवकों के बीच समूह गतिविधि और खेल आयोजित किए गए। इन गतिविधियों का उद्देश्य स्वयंसेवकों में टीम भावना, सहयोग और नेतृत्व क्षमता को विकसित करना था। सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इन गतिविधियों का आनंद उठाया।














अंत में सभी स्वयंसेवकों ने एक साथ खड़े होकर राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस प्रकार NSS शिविर का चौथा दिन योग, स्वास्थ्य जागरूकता और सामूहिक गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।












# डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज

## (काशी हिंदू विश्वविद्यालय)

**NSS UNIT E**
**एन.एस.एस. इकाई E**
**कार्यक्रम अधिकारी : डॉ.ऋचा गुप्ता**
**दिनांक: 17 मार्च 2026**
**स्थान: श्री रामकृष्ण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिगरा वाराणसी**

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई E के सात दिवसीय विशेष शिविर का पंचम दिवस अत्यंत उत्साह, ऊर्जा एवं सीखने के वातावरण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल NSS गीत, वंदे मातरम् तथा "सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा" के सामूहिक गायन से हुई, जिससे सभी स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई। इसके पश्चात हल्का व्यायाम कराया गया, जिससे स्वयंसेवकों में शारीरिक स्फूर्ति बनी रही।






इसके बाद एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. शांतनु सौरभ (वाणिज्य विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज) ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने जीवन में लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके उपरांत Abeer Studios के Founder अबीर द्वारा ग्रूमिंग सेशन आयोजित किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, आत्म-प्रस्तुति, साक्षात्कार की तैयारी तथा व्यावसायिक जीवन में आवश्यक शिष्टाचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।












इसके बाद विद्यालय के श्री योगेश्वर दुबे जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें जीवन में सकारात्मक सोच, मेहनत एवं अनुशासन के महत्व के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान समूह गतिविधि भी कराई गई, जिससे स्वयंसेवकों में टीमवर्क, सहयोग एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। सभी प्रतिभागियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।









इस प्रकार NSS शिविर का पंचम दिवस ज्ञान, प्रेरणा एवं व्यक्तित्व विकास से परिपूर्ण रहा।









# डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज

## (काशी हिंदू विश्वविद्यालय)

**NSS UNIT E**
**एन.एस.एस. इकाई E**
**कार्यक्रम अधिकारी : डॉ.ऋचा गुप्ता**
**दिनांक: 18 मार्च 2026**
**स्थान: डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी**

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई E के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिवस डॉ. ऋचा गुप्ता के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल NSS गीत, वंदे मातरम् तथा सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के सामूहिक गायन से हुई, जिससे सभी स्वयंसेवकों में देशभक्ति एवं सेवा भावना का संचार हुआ। इसके पश्चात हल्का व्यायाम कराया गया, जिससे सभी स्वयंसेवक ऊर्जावान एवं सक्रिय बने।

इसके बाद डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज के खेल मैदान में स्वयंसेवकों को समूहों में विभाजित कर विभिन्न खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनसे टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं सहयोग की भावना का विकास हुआ।






दिवस के मुख्य आकर्षण के रूप में डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज के स्त्री विमर्श प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रैंप वॉक एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया, जिसने सभी प्रतिभागियों को अत्यंत प्रेरित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध भरतनाट्यम कलाकार श्रीमती कृपा रवि रहीं, जिन्होंने अपने प्रभावशाली भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति दी एवं छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया। उनके विचारों एवं अनुभवों ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा एवं आत्मविश्वास को पहचानने की प्रेरणा दी।















इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पद्मश्री प्रोफेसर मंगला कपूर (बीएचयू) भी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक जीवन-प्रवास के माध्यम से छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। उनके विचारों ने छात्राओं में आत्मनिर्भरता एवं दृढ़ संकल्प की भावना को सुदृढ़ किया।

इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर सर्वेक्षण कार्य किया गया, जिसके माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति, शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का आकलन किया गया।











GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
K-56/109a, Jaitpura, Varanasi, Uttar Pradesh 221001, India
Lat 25.32344° Long 83.010147°
Wednesday, 18/03/2026 01:35 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
C-23/100, Kabir Nagar Churaha, Kotwali, Varanasi, Uttar Pradesh 221001, India
Lat 25.323911° Long 83.00914°
Wednesday, 18/03/2026 01:22 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
8xfx+gx6, Lahurabir Rd, Near Gayatri Devi Mandir, Near Lahurabir Chauraha, Maldahiya, Chetganj, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.32382° Long 82.999821°
Wednesday, 18/03/2026 11:10 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
C-23/100, Kabir Nagar Churaha, Kotwali, Varanasi, Uttar Pradesh 221001, India
Lat 25.323943° Long 83.009104°
Wednesday, 18/03/2026 01:32 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
C-23/100, Kabir Nagar Churaha, Kotwali, Varanasi, Uttar Pradesh 221001, India
Lat 25.323928° Long 83.009111°
Wednesday, 18/03/2026 01:31 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
4, Rampuri Colony, Jaitpura, Varanasi, Uttar Pradesh 221002, India
Lat 25.323991° Long 82.999838°
Wednesday, 18/03/2026 11:11 AM GMT +05:30
Google

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति एवं एकता की भावना व्याप्त हो गई।

इस प्रकार NSS इकाई E का छठा दिवस ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं ऊर्जा से भरपूर रहा।









# डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज
## (काशी हिंदू विश्वविद्यालय)

**NSS UNIT E**
**एन.एस.एस. इकाई E**
**कार्यक्रम अधिकारी : डॉ. ऋचा गुप्ता**
**दिनांक: 19 मार्च 2026**
**स्थान: बीट डांस स्टूडियो, दुर्गाकुंड एवं मणिमंदिर, दुर्गाकुंड, वाराणसी**

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई E के सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवां एवं अंतिम दिवस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋचा गुप्ता के मार्गदर्शन में उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः NSS लक्ष्य गीत, “सारे जहाँ से अच्छा” तथा NSS क्लैप एवं हल्के व्यायाम के साथ हुई। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक गरिमा तिवारी द्वारा योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान (मेडिटेशन) कराया गया। इस सत्र से स्वयंसेवकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्फूर्ति प्राप्त हुई।









योग सत्र के उपरांत स्वयंसेवक बीट डांस स्टूडियो, दुर्गाकुंड पहुंचे, जहाँ उन्होंने वहाँ संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे डांस एवं कराटे प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही यह भी जाना कि किन-किन आयु वर्ग के लोग इन गतिविधियों में अधिक भाग लेते हैं तथा ऐसे संस्थान युवाओं के विकास में कैसे सहायक होते हैं।















इसके बाद स्वयंसेवक मणिमंदिर, दुर्गाकुंड पहुंचे, जहाँ उन्होंने खेल गतिविधियों का आयोजन किया। तत्पश्चात "ब्रेक द साइलेंस – चुप्पी की कीमत" विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त अन्याय, भेदभाव एवं हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने का संदेश दिया गया।

नाटक का संदेश : "आवाज़ उठाओ, क्योंकि चुप्पी भी एक जुर्म है।"





इसके पश्चात प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें NSS गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। NSS इकाई E से सुरज दीक्षित एवं शिवम टेकरीवाल को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए, जिसमें उन्होंने इस शिविर को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। अंततः राष्ट्रगान के साथ सात दिवसीय NSS विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ।





